**Series : 2LKNM** **SET ~ 4**

प्रश्न-पत्र कोड **38**

**Q.P. Code**

**रोल नं.**

**Roll No.**

| परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें। Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book. |
|---|

**नोट / NOTE :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।
Please check that this question paper contains **11** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **16** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. []

# चित्रकला (सैद्धान्तिक)

# PAINTING (Theory)

*निर्धारित समय : **2** घण्टे* *अधिकतम अंक : **30***

*Time allowed : **2** hours* *Maximum Marks : **30***

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***खण्ड क*** *: सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।*

*(ii)* ***खण्ड ख*** *: सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।*

*(iii)* ***खण्ड ग*** *: किन्हीं **2** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है।*

## खण्ड क

*दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :* *8×1=8*

**1.** किस रंग संयोजन से द्वितीयक रंग "संतरी" बनता है ? *1*

(A) लाल + नीला (B) लाल + पीला

(C) पीला + हरा (D) नीला + पीला

**2.** कौन-सा उपकरण चित्रकारी की सतह को सीधा जकड़े रखने के लिए प्रयोग किया जाता है ? *1*

(A) पटिया (पैलेट) (B) ईज़ल

(C) रोलर (D) ब्रश

**3.** एलोरा के कैलाशनाथ मंदिर का निर्माण किसके द्वारा कराया गया था ? *1*

(A) राष्ट्रकूट (B) मौर्य

(C) चोल (D) गुप्त

**4.** कला का वह तत्त्व जो गतिशील बिंदुओं के मार्ग को दर्शाता है : *1*

(A) स्थान (B) बुनावट

(C) रेखा (D) मान (वैल्यू)

**5.** इनमें से कौन-सा कला का तत्त्व ***नहीं*** है ? *1*

(A) रंग (B) बुनावट

(C) रेखा (D) गति

**6.** कला का वह सिद्धांत जिसमें तत्त्वों की पुनरावृत्ति से दृश्य गति उत्पन्न होती है : *1*

(A) संतुलन (B) ताल (रिदम)

(C) एकता (D) अनुपात

***General Instructions :***

*(i)* ***Section A*** *: Attempt all questions. Each question carries 1 mark.*

*(ii)* ***Section B*** *: Attempt all questions. Each question carries 2 marks.*

*(iii)* ***Section C*** *: Attempt any* **2** *questions. Each question carries 6 marks.*

## Section A

*Select the correct answer from the given options :* *8×1=8*

**1.** Which colour combination creates the secondary colour "Orange" ? *1*

(A) Red + Blue (B) Red + Yellow

(C) Yellow + Green (D) Blue + Yellow

**2.** Which tool is used to hold the painting surface upright while working ? *1*

(A) Palette (B) Easel

(C) Roller (D) Brush

**3.** The Kailashnath Temple at Ellora was built by the : *1*

(A) Rashtrakutas (B) Mauryas

(C) Cholas (D) Guptas

**4.** The element of art which is the path of a moving point is : *1*

(A) Space (B) Texture

(C) Line (D) Value

**5.** Which is ***not*** an element of art ? *1*

(A) Colour (B) Texture

(C) Line (D) Movement

**6.** Which principle of art repeats elements to create visual movement ? *1*

(A) Balance (B) Rhythm

(C) Unity (D) Proportion

7. 'वर्ली' चित्रकला में मानव आकृतियाँ सामान्यत: किस आकार से बनाई जाती हैं ? *1*

(A) केवल त्रिकोण (B) केवल अण्डाकार

(C) केवल वर्ग (D) वृत्त (गोल) व त्रिकोण

8. पोस्टर रंग मुख्यत: क्या प्रभाव देते हैं ? *1*

(A) पारदर्शी (B) मोम-आधारित

(C) अपारदर्शी (D) जमे हुए

**खण्ड ख**

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

*इन प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में अपेक्षित हैं।* *5×2=10*

9. चित्रण करते समय कुछ उपकरण कलाकार को सहायता और सहारा प्रदान करते हैं। अपनी समझ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2*

(क) • ईज़ल का क्या उपयोग है ?
• चित्र बनाते समय आप कौन-से अन्य उपकरण का प्रयोग करेंगे और क्यों ?

**अथवा**

(ख) • पैलेट क्या है ?
• इसे चित्रकला का आवश्यक उपकरण क्यों माना जाता है ?

10. 'वर्ली' चित्रकला भारत की विशिष्ट जनजातीय कला परंपराओं में से एक है, जिसे इसकी सादगी के लिए सराहा जाता है। *2*

(क) • वर्ली चित्रकला की उत्पत्ति कहाँ हुई और इसे परंपरागत रूप से किस सतह पर बनाया जाता था ?
• इन चित्रों की कोई एक सौंदर्यात्मक विशेषता लिखिए।

**अथवा**

(ख) • वर्ली चित्रकला में परंपरागत रूप से कौन-से रंग प्रयुक्त होते हैं ?
• इस कला शैली में सामान्यत: प्रदर्शित किसी एक विषय/विषयवस्तु पर चर्चा कीजिए।

**7.** 'Warli' paintings show human figures using : *1*

(A) Only triangles (B) Only ovals

(C) Only squares (D) Circles and triangles

**8.** Poster colours are mainly : *1*

(A) Transparent (B) Wax-based

(C) Opaque (D) Frozen

## Section B
## (Short-Answer Type Questions)

*Answers to these questions are expected in around 100 words.* *5×2=10*

**9.** Certain tools play a vital role in supporting and assisting an artist while creating a painting. Based on your understanding, answer the following questions : *2*

(a) • What is the use of Easel ?

• Which other tool would you use while creating an artwork and why ?

**OR**

(b) • What is a palette ?

• Why is it considered an essential tool in painting ?

**10.** 'Warli' painting is among India's most distinctive tribal art traditions, admired for its simplicity. *2*

(a) • Where did Warli painting originate, and on which surface was it traditionally made ?

• Describe any one aesthetic feature of these paintings.

**OR**

(b) • Which colours are conventionally employed in Warli paintings ?

• Discuss one common theme or subject frequently represented in this art form.

**11.** कला के सिद्धांत किसी भी अच्छे संयोजन की नींव होते हैं। इस कथन के आधार पर : *2*

(क) • कला में संतुलन को परिभाषित कीजिए और उदाहरण दीजिए।

• अनुपात को संक्षेप में उदाहरण सहित समझाइए।

**अथवा**

(ख) • एकता क्या है ? उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।

• सामंजस्य किसी कलाकृति को कैसे प्रभावशाली बनाता है ?

**12.** एलोरा स्थित कैलाशनाथ मंदिर ऊर्ध्व खुदाई (vertical excavation) का अद्भुत उदाहरण है। *2*

(क) • "ऊर्ध्व खुदाई" से क्या अभिप्राय है ?

• इस मंदिर की किसी अन्य वास्तुशिल्प विशेषता का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

(ख) • इसके निर्माण में प्रयुक्त सामग्री कौन-सी है ? यह किस देवता को समर्पित है ?

• इस देवता से जुड़े मंदिर के किसी एक महत्त्वपूर्ण भाग का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**13.** कलाकृतियों की अभिव्यक्ति में रंगों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। *2*

(क) • शीत (cool) रंग क्या होते हैं ? किसी एक शीत रंग का नाम बताइए।

• ये सामान्यत: किस प्रकार की दो अनुभूतियाँ कराते हैं ?

**अथवा**

(ख) • तटस्थ रंग क्या होते हैं ? किसी एक तटस्थ रंग का नाम बताइए।

• चित्रकला में तटस्थ रंगों का एक उपयोग लिखिए।

**11.** Principles of art form the foundation of any good composition. On the basis of this statement : *2*

(a) • Define Balance in Art with an example.

• Explain Proportion briefly with an example.

**OR**

(b) • What is Unity ? Define with an example.

• How does Harmony enhance an artwork ?

**12.** The Kailashnath temple at Ellora stands as a magnificent example of vertical excavation. *2*

(a) • What is meant by the term "vertical excavation" ?

• Describe one other architectural feature of this temple.

**OR**

(b) • Which material is used for its construction ? Name the deity to whom it is dedicated.

• Briefly explain one important part of the temple structure associated with this deity.

**13.** Colours have a strong role in the expression of artwork. *2*

(a) • What are cool colours ? Mention one cool colour.

• Which two emotions do they usually express ?

**OR**

(b) • What are neutral colours ? Name any one neutral colour.

• Mention one use of neutral colours in painting.

## खण्ड ग

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

*दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं* ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। इन प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में अपेक्षित हैं।* *2×6=12*

**14.** कला अकसर भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करती है। कल्पना कीजिए की आप एक ऐसा चित्र बनाना चाहते हैं जिसमें रूपों और रंगों के माध्यम से ऊर्जा दिखाई दे। *6*

- आप कौन-सा रंग माध्यम चुनेंगे ? उसका एक लाभ लिखिए।
- किसी एक उपकरण का नाम लिखिए जिसे आप प्रयोग करेंगे और बताइए कैसे करेंगे।
- आप किस प्रकार का ब्रश चुनेंगे और क्यों ?
- कोई दो द्वितीयक रंग लिखिए जिन्हें आप प्रयोग करेंगे।
- कला का कौन-सा एक सिद्धांत आपकी रचना का मार्गदर्शन करेगा और क्यों ?
- कला का कोई एक तत्त्व लिखिए जिसे आप प्रयोग करेंगे और समझाइए क्यों।

**15.** बोधिसत्त्व पद्मपाणि अजंता भित्तिचित्रों का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। निम्नलिखित पक्षों को विस्तार से समझाइए : *6*

- इसमें प्रयुक्त चित्रण तकनीक का विस्तृत वर्णन कीजिए।
- यह चित्र किन प्रतीकों को दर्शाता है और कैसे ?
- इसमें आपको पसन्द आने वाली कोई दो संरचनात्मक विशेषताएँ समझाइए।

## Section C
## (Long-Answer Type Questions)

*Attempt any **two** questions from the given questions. Answers to these questions are expected in around 200 words.* *2×6=12*

**14.** Art often conveys emotions powerfully. Suppose you want to create a painting showing energy through forms and colours. *6*

- What paint medium will you use ? Write one advantage of using it.
- Name any one tool you will use and state how you will use it.
- Which brush type will you select and why ?
- Name any two secondary colours you will apply.
- Which one principle of art will guide your composition and why ?
- Name any one element of art you will use and explain why.

**15.** Bodhisattva Padmapani is one of the finest examples of Ajanta mural paintings. Explain the following aspects in detail : *6*


- Describe in detail the painting technique used.
- What does the painting symbolise and how ?
- Explain any two compositional features in it that you admire.

**16.** नीचे दिखाई गई छवि को ध्यानपूर्वक देखिए व निम्‍नलिखित के उत्तर दीजिए : *6*

- इस प्रतिमा का नाम, इसका माध्यम, वंश और शासक का नाम लिखिए जिसने इसका निर्माण करवाया।

- इसमें व्यक्त प्रतीकात्मक अर्थ का संक्षिप्‍तवर्णन कीजिए।

- संरचना के कोई दो वास्‍तुशिल्प या सौन्दर्यात्मक गुणों का वर्णन कीजिए।



**16.** Observe the sculpture shown and answer the following : *6*

- State the name of the sculpture, its medium, the dynasty and the ruler who commissioned it.
- Briefly explain the symbolic meaning conveyed.
- Describe any two architectural or aesthetic qualities of the structure.

